


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 27 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 04 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया

**किराए से देना**

सेमी फर्निश्ड मकान किराए पर उपलब्ध है
1BHK,2BHK,3BHK
सूर्यांश परिसर पद्मावती रिसोर्ट के सामने मेन रोड, मंदसौर
मो- 9981257396

# दिल दुखाता कम हार-जीत का अंतर

**मंदसौर, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** लाखों में मतदान और अंतर सिर्फ हजार से कम तो जिंदगी भर यह हार का दर्द दिल दुखाता है। मंदसौर, नीमच और रतलाम के 13 प्रत्याशी इस तरह की हार का दर्द झेल चुके हैं। आपको पहले यह भी बता दे कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार एक मत से गिर गई तो वर्ष 2008 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान के मुख्यमंत्री पद के दावेदार सीपी जोशी विधानसभा चुनाव एक मत से चुनाव हार गए और उसके बाद कभी मुख्यमंत्री नहीं बन पाए। वर्ष 1993 में नीमच विधानसभा सीट से बालकृष्ण बैरागी मात्र 66 मतों से पराजित हुए। वर्ष 1962 से लेकर 2018 तक के विधानसभा चुनाव का लेखाजोखा देखें तो रतलाम, नीमच व मंदसौर में 13 ऐसे प्रत्याशी रहे, जिनकी हार का अंतर 1000 मतों से कम रहा। दो प्रत्याशी का अंतर 300 मतों से भी कम रहा।

### [ रतलाम, मंदसौर और नीमच के 13 ने झेला यह दर्द ]

### हरदीप जीते थे 350 से, पांडे 511 मतों से...

रतलाम जिले में जावरा और मंदसौर की सुवासरा सीट पर वर्ष 2018 के चुनाव में कड़ी टक्कर रही। जावरा में कांग्रेस के केके सिंह, भाजपा के राजेन्द्र पांडे से 511 मतों से हार गए तो सुवासरा में हरदीप सिंह डंग महज 350 मतों से ही जीते, तब वे कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़े थे।

### 1962 में गरोठ व मनासा से शुरूआत...

कम अंतर से हार की शुरुआत वर्ष 1962 में गरोठ व मनासा से हुई। गरोठ में जनसंघ के मोहनलाल ने कांग्रेस के माणकलाल को 955 मतों से हराया तो मनासा में जनसंघ के सुंदरलाल ने कांग्रेस के सूरजमल को 880 मतों से शिकस्त दी थी। मनासा में ही अगले चुनाव में कांग्रेस के नंदरामदास (बालकवि बैरागी) ने इस हिसाब का चुकता किया और भारतीय जनसंघ के सुंदरलाल को 711 मतों से मात दी।



### आलोट में 219 मतों से हार...

वर्ष 1972 के विधानसभा चुनाव में आलोट सीट पर कांग्रेस की लीलादेवी चौधरी ने भारतीय जनसंघ के नवरतन सांखला को केवल 219 मतों से हराया। इसी वर्ष सुवासरा में भी कांग्रेस के रामगोपाल भारतीय 416 मतों से ही जीत पाए। उन्होंने भारतीय जनसंघ के चंपालाल आर्य को पराजित किया।

### सुवासरा में 335 मतों की हार...

वर्ष 1980 के चुनाव में गरोठ में भाजपा के मोहनलाल सेठिया से कांग्रेस ई के सत्यनारायण चौबे 961, नीमच में कांग्रेस ई के रघुनंदनप्रसाद से भाजपा के खुमान सिंह शिवाजी 644, सीतामऊमें भाजपा के कैलाश चावला से कांग्रेस ई के धनसुखलाल 509 और सुवासरा में भाजपा के चंपालाल आर्य से कांग्रेस ई के मदनलाल मात्र 335 मतों से चुनाव हार गए।

### ...और 66 मतों से हार गए बैरागी...

नीमच विधानसभा सीट से वर्ष 1993 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी नंदरामदास (बालकवि बैरागी) महज 66 मतों से हार गए। उन्होंने भाजपा के खुमानसिंह शिवाजी को कड़ी टक्कर दी थी। शिवाजी को 52 हजार 843 और बैरागी को 52 हजार 777 मत प्राप्त हुए थे। इसके बाद बैरागी ने संसद की राह पकड़ी। वे राज्यसभा सदस्य मनोनीत किए गए। इसके बाद 1998 के चुनाव में कांग्रेस के भारत सिंह से भाजपा के नानाराम पाटीदार 821 मतों से हार गए।

### छह चुनावों में कम मतों से कोई नहीं हारा...

विधानसभा चुनाव 1977, 1985, 1990, 2003, 2008 और 2013 में प्रदेश में कई प्रत्याशी कम मतों से तो हारे। लेकिन, रतलाम, नीमच व मंदसौर जिले की सीटों पर 1000 मतों से कम अंतर किसी का भी नहीं रहा।





# मंडी व्यापारी के मुनीम से बाईक सवार बदमाशों ने लूटा 40 लाख रुपए से भरा बेग

## पुलिस व ग्रामीणों की घेराबंदी से पकड़े जाने के डर से बाइक व बेग छोड़ जंगल में भागे लूटेरे

**पिपलिया मंडी, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय कृषि उपज मंडी के बाहर आईसीआईसीआई बैंक के सामने बाइक पर सवार होकर आए बदमाश मंडी व्यापारी के मुनीम के सिर पर बेसबाल से वार कर 40 लाख रुपए से भरा बेग लूट ले गए। लूटेरे के हाथ में रिवाल्वर भी थी। घटना के बाद आक्रोशित व्यापारियों ने कृषि मंडी के सामने मनासा मार्ग पर जाम लगा दिया। लूट की वारदात वहां लगे सीसीटीवी में भी केद हो गई। पुलिस की नाकाबन्दी और ग्रामीणो की घेराबंदी के चलते बदमाश तुरकिया व चौथखेड़ी के बीच रुपयों से भरा बेग व बाइक छोड़कर फरार हो गए। जिनको देर शाम तक पुलिस तलाशती रही।

जानकारी के अनुसार मंडी व्यापारी कमलेशकुमार पिता रुपचंद का मुनीम लाला उर्फ वीरेन्द्र पिता कन्हैयालाल जैन दोपहर 3 बजे करीब कृषि उपज मंडी के सामने आईसीआईसीआई बैंक से रुपए निकालकर बाहर निकला। वह अपने वाहन पर बैठने वाला ही था, इसी दौरान एक बदमाश ने उसके सिर पर बेसबॉल से वार किया, जिससे वह नीचे गिर गया। नीचे गिरते ही बदमाश ने मुनीम से करीब 40 लाख रुपए से भरा बेग छीन लिया और पास ही स्टार्ट लेकर खड़े अपने साथी की सफेद कलर की अपाचे बाईक पर बैठकर भाग निकला। रुपए लूटने के बाद लोग चिल्लाए व पीछा करने की कौशिश की। लेकिन एक बदमाश के हाथ में रिवाल्वर थी, इस कारण लोग डर के कारण उन्हें पकड़ नही पाए। सिर पर वार कर रुपए से भरा बेग छीनने की घटना वहां लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई। वारदात कर बदमाश गुड़भेली की ओर भागे जो लसुड़िया राठौर, चोथखेड़ी क्षेत्र में भी देखे गए। घटना के आधे घंटे बाद पुलिस पहुंची व तफ्तीश में जुटी। लेकिन, तब तक बदमाश काफी दूर जा चुके थे।

### व्यापारियों ने किया चक्काजाम...

शाम करीब 4 बजे आक्रोशित मंडी व्यापारियों ने कृषि मंडी के सामने मनासा मार्ग पर जाम लगा दिया। टीआई नीरज सारवान ने बदमाशों को शीघ्र पकड़ने का आश्वासन दिया, तब आधे घंटे बाद जाम खोला। इधर पुलिस के आला अधिकारी घटना के बाद पिपलिया मंडी पहुंचे व जिस तरफ बदमाश भागे उन रास्तों पर सर्चिंग की। वहीं अन्य थानों की पुलिस को भी अलर्ट किया।

### किसानों को करना था भुगतान...

कमलेशकुमार पिता रुपचन्द कृषि मंडी की बड़ी फर्म है। किसानों को प्रतिदिन लहसून का लाखों रुपए का भुगतान करना होता है। मुनीम रुपए निकालने के बाद मंडी ऑफिस जाने वाला था, जहां किसानों को लहसून का भुगतान करना था। लेकिन, उससे पहले ही लूटेरों ने बेग छीन लिया। जानकार सूत्रों के अनुसार बदमाशों ने पहले मुनीम की रैकी की, उसके बाद वारदात को अंजाम दिया। बता दें कि पूर्व में भी कई बार मंडी व्यापारियों के साथ इस तरह लूट की वारदात हो चुकी है।

### बेग व बाइक छोड़ फरार हुए बदमाश...

लूट की घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में नाकाबन्दी कराई, वहीं ग्रामीणजन भी अलर्ट थे। चौथखेड़ी व तुरकिया क्षेत्र में बदमाशों के होने की सूचना पर ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा किया। पकड़े जाने के डर से बदमाश तुरकिया व चौथखेड़ी के बीच बाइक व रुपयों से भरा बेग छोड़कर जंगल में भाग निकले। शाम 5 बजे करीब पुलिस ने बिना नम्बर की अपाचे बाइक व रुपयों से भरा बेग बरामद कर लिया। वहीं खबर लिखे जाने तक दोनों बदमाशों की तलाश जारी है। बदमाशों के हनुमंतिया व सिंदपन नाले के क्षेत्र में छिपे होने की आशंका है। पुलिस आरोपियों को शीघ्र पकड़ लेने का दावा कर रही है।

### आचार संहिता में पुलिस व्यवस्था की खुली पोल...

क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगी हुई। पुलिस चुनावी समय में सघन चेकिंग करने का दावा कर रही है। लेकिन, अपराधी सरेआम वारदात को अंजाम देकर पुलिस के दावे की पोल खोल रहे है। बदमाश दिन दहाड़े रिवाल्वर लेकर आए और रुपयों से भरा बेग लूट ले गए। पुलिस सूचना के आधे घंटे बाद पहुंची।

# जीप चालक ने निर्दलीय प्रत्याशी की बाईक को ठोका, गंभीर घायल

**मनासा, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मनासा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे 'आप' के जिला उपाध्यक्ष रमेश गुर्जर गुरुवार देर शाम एक सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गए। गुर्जर नीमच से बाइक पर सवार होकर मनासा जा रहे थे। इसी दौरान गिरदौड़ा के समीप एक जीप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गुर्जर गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से नीमच के बड़े अस्पताल में भर्ती करया गया है।

बताया गया है कि श्री गुर्जर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित एक मीटिंग में शामिल होकर बाइक द्वारा मनासा जा रहे थे। तभी गिरदौड़ा से रेवली देवली के बीच जीप क्रमांक एमपी 14 एफ 3362 ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक जीप में फंस गई व गुर्जर करीब 100 मीटर तक जीप के साथ घसीटते हुए गये व जीप तथा बाइक खाई में उतर गए। दुर्घटना में गुर्जर को चेहरे पर अनेक जगह गंभीर चोट आई है। घटना की जानकारी मिलते ही आम आदमी पार्टी नेता नवीन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अशोक सागर, चंद्रेश सेन, बालचंद वर्मा आदि के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचे व 108 के माध्यम से गंभीर रूप से घायल गुर्जर को अस्पताल पहुंचाय। जहां गुर्जर का ट्रामा सेन्टर में उपचार जारी है।

## पूर्व सीएम कमलनाथ ने साधा भाजपा और शिवराज पर निशाना...

# प्रदेश में कमीशन और घोटालों का विकास हुआ



**मंदसौर, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शुक्रवार को मंदसौर आए। उन्होंने गांधी चौराहा पर जनसभा को संबोधित करते हुए जिले की चारों विधानसभाओं में कांग्रेस प्रत्यशियों के पक्ष में अपील की। सुबह 11 बजे वे मंच पर पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में शिवराज सरकार पर निशाना साधा। कमलनाथ ने जनता से कहा कि उनका क्या गुनाह था जो उनकी 15 महीनों की सरकार को गिरा दिया गया। उन्होंने कहा मैंने 40 साल चुनाव लड़ा। लेकिन, ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा, ये चुनाव मध्यप्रदेश के भविष्य का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास सिर्फ कमीशन और घोटालों का हुआ है। जगह-जगह जब मैं लोगो से पूछता हूं कि प्रदेश का क्या हाल है, तो लोग कहते हैं पैसे दो और काम लो। यहां 50 एकड़ जमीन वाला व्यक्ति भी गरीबी रेखा में नाम दर्ज करवा लेता है। कमलनाथ ने शिवराज पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में नौजवान बिना काम के, किसान बिना दाम के, शिवराज किस काम के। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मंदसौर ने हमारा साथ नहीं दिया फिर भी बिना पक्षपात के 1 लाख 1 हजार किसानों का कर्जा माफ किया। उन्होंने किसानों की दोबारा कर्ज माफी का वादा भी किया। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के वचन पत्र की घोषणाएं गिनवाई।

### 15 माह में दी मेडिकल कॉलेज की सौगात...

नीमच के अंबेडकर सर्कल पर आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने मालवी बोली में उपस्थित जनता का अभिवादन किया। नाथ ने प्रदेश की भाजपा सरकार और शिवराज चौहान पर जुबानी हमला करते हुए प्रदेश सरकार को भ्रष्ट, कमीशन खोरी की सरकार बताया। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर केवल घोटाला और भ्रष्टाचार का विकास हुआ है। पूरा प्रदेश चौपट प्रदेश बना हुआ है।

उन्होंने कहा आज युवाओं को व्यवसाय और रोजगार की आवश्यकता है। शिवराज सिंह चौहान ने अपने 18 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में 22 हजार घोषणाएं की है। उनकी घोषणाओं की मशीन आज भी डबल स्पीड से चल रही है। कमलनाथ ने बताया कि उनके 15 माह की सरकार में नीमच को मेडिकल कॉलेज की सौगात दी गई। जिले के 50 हजार से अधिक किसानों का कर्ज माफ हुआ। उन्होंने कहा कि यदि वे सत्ता में आते हैं तो शहर की प्रमुख समस्या बंगला बगीचा का समाधान करेंगे। अवैध कॉलोनियों की समस्या से लोगो को निजात दिलाएंगे।

## देशी कट्टे के साथ धराया अरमान खां

**सीतामऊ, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने देशी कट्टे के साथ एक आरोपी को कपड़ा है। सीतामऊ पुलिस ने बताया कि अरमान पिता नियामत खान जाति पठान उम्र 19 साल निवासी बरगुण्डा मोहल्ला सीतामऊ के कब्जे से एक 12 बोर देशी कट्टा मय एक जिंदा कारतुस के जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर पुलिस ने तितरोद दरवाजा मोडी माता रोड पर यह कार्रवाई की।

## नव मतदाता सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर

# कहा-कमलनाथ ताल बजाकर जनता को कर रहे गुमराह



**मंदसौर, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा के स्टार प्रचारक, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर शुक्रवार को मंदसौर पहुंचे। हवाई पट्टी पर भाजपा प्रत्याशी यशपाल सिंह सिसौदिया, जिला भाजपा अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, सांसद सुधीर गुप्ता ने उनकी अगवानी कर स्वागत किया। इसके बाद श्री तोमर सड़क मार्ग से रेवास देवड़ा रोड़ स्थित कौशल्या गार्डन पहुंचे। जहां भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव मतदाता सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई और वोट का महत्व बताया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कांग्रेस के पास बताने को कुछ नहीं...

मीडिया के 50 प्रतिशत कमीशन के सवाल पर श्री तोमर ने कहा कि कमलनाथ जी के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। कमलनाथ को यह बताना चाहिए कि उन्होंने 18 महीने में क्या किया? वर्ष 2003 से पहले कांग्रेस पार्टी की सरकार 10 साल तक थी, तब उन्होंने क्या किया? उनके पास बताने के लिए कुछ है नहीं, बस ताल बजाकर जनता को गुमराह करने को कोशिश कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जैसे नेता की 7 बार लॉन्चिंग फैल हो गई, ये गठबंधन भी फैल ही होने वाला है।

# भाजपा: मोदी के बाद योगी की डिमांड ज्यादा

### यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के मंदसौर आने की संभावना






**मंदसौर, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव अभियान की कमान अब भाजपा के स्टार प्रचारक संभालने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम मध्य प्रदेश और मालवा क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने आज 4 नवंबर को रतलाम आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की आम सभा के बाद रतलाम जिले की पांचो विधानसभा सीटों पर भाजपा अन्य स्टार प्रचारको को भी उतारने की तैयारी में है। जिला भाजपा ने जिले की विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए पार्टी के जिन बड़े नेताओं की मांग की है। उसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के नाम प्रमुख है। विशेष रूप स उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग पूरे मालवा क्षेत्र में है।

भाजपा सूत्रो ने बताया कि चुनाव की तैयारी के दौरान ही पार्टी अपनी रणनीति तय कर लेती है। स्थानीय मुद्दों और समीकरण के आधार पर जिला भाजपा की टीम अपने यहां चुनाव प्रचार करने के लिए स्टार प्रचारक को और बड़े नेताओं की मांग करती है। जिसके आधार पर पार्टी आला कमान स्टार प्रचारक और बड़े नेताओं के दौरे तय करती है। भाजपा के सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री मोदी जी तो रतलाम आ ही रहे हैं। इसके अलावा मंदसौर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग है। संभावना है कि उनका मंदसौर विधानसभा में दौरा तय हो सकता है।

# विद्रोहियों का डैमेज कंट्रोल कर पाएंगे दोनों दल..!

**मंदसौर/उज्जैन, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रमुख दल कांग्रेस-बीजेपी में विद्रोह का घनत्व लगभग बराबर ही है। लाभ उसी दल को मिलेगा जो विद्रोहियों को काबू कर पार्टी के अनुशासन में ले आएगा। अगर समझा लिया और समझ लिया तो ठीक और अगर तटस्थ भाव में छोड़ा तो ऐसी सीटों पर नुकसान होगा ही। विद्रोहियों के डैमेज को कंट्रोल करने के मामले में इस बार भाजपा से ज्यादा अनुकूलन कांग्रेस संगठन में नजर आ रहा है। विद्रोहियों के तेवर भी ठंडे होते नजर आ रहे हैं।

विद्रोहियों को वर्तमान चुनाव में ठंडा करने का सबसे बढ़िया तरीका विधान परिषद का आश्वासन है। अब सिर्फ यही तरीका बचा है, जिससे नाराज विद्रोहियों को मनाया जा रहा है। पर, सभी विद्रोही मान रहे हैं, ऐसा दोनों दलों में नहीं रहा है। यह भी की दोनों संगठनों के प्रयासों के बाद किस तरह के बागी ठंडे हो रहे हैं! अगर बहुत जन आधार वाले बागियों को संगठन बैठा पाएगा, तभी फायदा मिलेगा। वरना दिखावा करने वाले बागियों के बैठने से दोनों दलों को ना नुकसान होगा ना फायदा होगा। इनके अलावा दोनों दलों में उन सीटों पर भी अदृश्य बगावत अपना आकार बढ़ाती जा रही है। जिन पर बीते दिनों के आयातित नेताओं को प्रत्याशी बनाया गया है। ऐसी सीटों पर भीतरी तापमान ने पार्टी का अनुशासन और समर्पण दोनों ही बिगाड़ दिया है।



चन्द्रमोहन भगत

इसे सतही विरोध से ज्यादा घातक माना जा सकता है। क्योंकि ऐसा करने वाले दोनों दलों के पुश्तैनी और पारंपरिक कार्यकर्ता है, जो दोनों दलों के प्रदेश नेतृत्व से नाराज हैं। निचले स्तर के पारंपरिक कार्यकर्ताओं के अलावा दोनों दलों के नेताओं में टिकट वितरण में वैमनस्य कांग्रेस और भाजपा दोनों में ही पनप चुका है। दोनों दलों के ऐसे मामले भी सतह पर नजर आए, जब भाजपा के नाराज कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र यादव के सुरक्षाकर्मी को ही पीट दिया, तो कहीं प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा चोर है के नारे लगाए गए। टिकट बेचने तक के आरोप लगे थे।

ऐसे आरोप कांग्रेस में भी कार्यकर्ता लगा ही रहे हैं। दिग्विजय सिंह और कमलनाथ का आपसी मनमुटाव कई सीटों पर बागी प्रत्याशियों का कारण बना हुआ है। इनमें महू से अंतर सिंह दरबार, धार से कुलदीपसिंह बुंदेला, मल्हारगढ़ से श्यामलाल जोकचंद बड़नगर से राजेंद्र सिंह सोलंकी और आलोट से प्रेमचंद गुड्डू बागी प्रत्याशी हैं। ये नाम कांग्रेस के बागियों के हैं, इनमें से सबसे मजबूत अंतर सिंह दरबार को जीतने वाला प्रत्याशी माना जा रहा है। इसी तरह भाजपा में महिदपुर विधायक बहादुरसिंह चौहान के कट्टर प्रतिद्वंद्वी प्रताप सिंह आर्य सिर्फ बहादुर सिंह को हरवाने के लिए ही मैदान में डटे हुए हैं। बड़नगर मे भाजपा के जितेंद्र पंडया के खिलाफ माली समाज ने मिलकर प्रकाश गौड़ को मैदान में उतारा है। इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, नीमच की इन सभी सीटों पर कांग्रेस के बागी प्रत्याशी प्रभावी और नतीजे पर असर डालने वाले नजर आ रहे हैं जो निश्चित ही अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदान पर अपना असर दिखाएंगे।

# एक किलो से ज्यादा अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**मल्हारगढ़, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से डेढ़ लाख रुपए कीमत की 1 किलो 30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मल्हारगढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध रूप से अफीम की तस्करी कर किसी को देने जाने वाला है, तुरंत घेराबंदी करे तो आरोपी गिरफ्त में आ सकता है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मल्हारगढ़ पुलिस ने कृषि मंडी हाईवे के निकट मुखबीर द्वारा बताए गए हुलिए वाले व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1 किलो 30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई। जप्त अफीम की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है।

मौके से पुलिस ने दशरथ सिंह पिता कानसिंह सिसोदिया उम्र 30 साल निवासी हरचंदी थाना भावगढ़ जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/ 18 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी अवैध मादक पदार्थ अफीम कहां से लेकर आया था और किस देने जा रहा था, इस मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है।

### दो दिन के रिमांड पर दशरथ...

पुलिस ने आरोपी दशरथ सिंह पिता कानसिंह सिसोदिया उम्र 30 साल निवासी हरचंदी थाना भावगढ़ को न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा। जिस पर न्यायालय ने दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी दशरथ ने अवैध अफीम भावगढ़ थाना क्षेत्र के निंबोद निवासी कुलदीप बलाई से लाना बताया, जिसे पुलिस तलाश रही है।



# फेसीलीटेशन सेंटर नई प्रक्रिया, इसे अच्छे से समझें और प्लानिंग के साथ काम करें-चौहान

## डाक मतपत्र फेसीलीटेशन सेंटर के प्रांरभ करने हेतु प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने वाले मतदानकर्मियों सहित अन्य डाकमत पत्र से मतदान करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया हेतु कार्य कर रहें शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुशासन भवन सभागृह में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. जे.के. जैन एवं अन्य सहायक मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया हैं। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विशाल सिंह चौहान एवं नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थें।

प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विशाल सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि डाक मतपत्र हेतु फेसीलीटेशन सेन्टर की प्रक्रिया एक नई प्रक्रिया हैं इसके संचालन की सारी प्रक्रिया को सभी अच्छे से समझें सभी प्लानिंग के साथ काम करें मन में कोई शंका न रखें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि जिले की विधानसभा क्षेत्र हेतु विकासखण्ड अनुसार मतदानकर्मीयों का प्रशिक्षण शासकीय महाविद्यालय पर 05 से 11 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा। जिसमें प्रशिक्षण में उपस्थित सभी मतदानकर्मी के लिये डाक मतपत्र हेतु फेसीलीटेशन सेन्टर बनाया जायेगा जिसमें वे अपना डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। यह फेसीलीटेशन सेन्टर प्रत्येक रिटर्निंग कार्यालय में भी बनाया जायेगा। जिसके संचालन हेतु सभी अपनी-अपनी तैयारियाँ पूर्ण कर लेवें। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये डाक मतपत्र हेतु फार्म 12(क), 13(ग), 13(क)13(ख) के बारे में समझाया गया एवं मतपत्र के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेष रूप से बताया गया कि डाक मतपत्र जारी करने से पूर्व मतपत्र के पीछे आरओ के हस्ताक्षर सील लगाई जायेगी। प्रशिक्षण में फेसीलीटेशन सेन्टर के संचालन मे लगे दल के कार्य एवं दायित्व के बारे में बताया गया एवं फेसिलिटी सेन्टर के प्रांरभ एवं समाप्ति की समय अवधी, फेसीलीटेशन सेन्टर पर डाले गये डाक मतपत्रों का प्रतिदिन लेखा एवं भण्डारण किस प्रकार किया जाना उसके जानकारियां प्रदान की गई हैं।

## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** मतदान, जल संवर्धन, स्वच्छता, व पर्यावरण के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 5 नवंबर 2023, रविवार को प्रात: ठीक 8.30 बजे किला कोर्ट परिसर के बाहर, दूरदर्शन केन्द्र के पास, मन्दसौर से प्रारम्भ होकर बड़ी होली, किला रोड, माली चौक, नीम चौक, पुरानी तहसील, कोलीवाड़ा, भोईवाड़ा क्षेत्र में भ्रमण करेगी।

पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रात: 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल किला कोर्ट परिसर के बाहर, दूरदर्शन केंद्र के पास पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।

## जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** ग्राम कचनारा में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालय के बालक एवं बालिकाओं द्वारा रैली निकाली गई। इन रैलियों में छात्र-छात्राओं द्वारा पहलेमतदान, फिर जलपान , सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वह वोटर सबसे नादान, जिसने नहीं किया मतदान आदि नारों से लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



# निर्वाचन पाठशाला में मतदाताओं को निर्वाचन से संबंधी जानकारी दी

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** निर्वाचन पाठशाला प्रभारी श्रीमती सुनीता गोधा ने बताया निर्वाचन पाठशाला में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के युवा एवं प्रथम बार मतदान करने वाले विद्यार्थियों ने विधानसभा निर्वाचन 2023 होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई एवं मतदान करने का संकल्प दिलाया । प्रतिदिन 18 वर्ष के युवा मतदाता, बुजुर्ग मतदाता, महिला मतदाता मतदान कराने वाले अधिकारी, कर्मचारी यहां आकर निर्वाचन प्रक्रिया को समझ सकते है।

मास्टर ट्रेनर श्री स्वदेश श्रीवास्तव ने चुनाव के दिन पोलिंग बूथ पर अपने साथ लाने वाले 12 दस्तावेजों के बारे में बताया। इसके पूर्व शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से डाइट परिसर तक महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी प्रो. अनिल आर्य के मार्गदर्शन में एक रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार भी विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

## मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मदंसौर के प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ईएलसी क्लब की बैठक कक्ष क्रमांक 08 में आयोजित की गई जिसके अंतर्गत पूर्व में आयोजित बैठकों के बारे में समीक्षा की गई पूर्व में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे के क्विज, जागरूकता गीत, स्लोगन, रांगोली, मेंहदी, सी-विजिल एप्प , चुनावी पाठशाला भ्रमण ईवीएम संचालन आदि की विशिष्टप्रगति के बारे में प्राचार्य महोदय एवं ईएलसी क्लब के नोडल अधिकारी श्री मनीष पांचाल, सदस्यगण डा.अखलाक मन्सूरी, डा.प्रीति मुरडिया, डा.स्मिता मण्डलोई कैम्पस एम्बेसेडर,- कु.ज्योति सोनी, तन्नू बन्ना, तनुष्का नागौरे एवं समस्त स्टाफ की उक्त कार्यक्रमों में सहयोग के लिए सराहना की गई। आगामी दिवस में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में भी बताया गया। अनेक विद्यार्थियां द्वारा सी-विजिल एप्प भी डाउनलोड किया गया। प्राचार्य डा.उमा गगरानी द्वारा समस्त उपस्थित स्टाफ एवं छात्राओं को मतदाता जागरूकता में पूर्ण जोश के साथ जुडने के लिए आव्हान किया एवं बताया कि आप सब भी परिजनों से फोन पर बात करें तब उन्हें मतदान हेतु जाने के लिए प्रेरित अवश्य करें। डा.पी.एल.पाटीदार द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई। नवाचार के अंतर्गत डा.अखलाक मन्सूरी द्वारा विद्यार्थियों के लिए कक्षाओं में बोर्ड पर नारे लिखकर जागरूक किया गया एवं हस्ताक्षर अभियान चलाकर भी मतदाता जागरूकता को गति प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल डा.निरंजन गंगवाल ने किया आभार ईएलसी क्लब के नोडल श्री मनीष पांचाल ने माना।

# रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक



**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत गांव गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महिलाएं रंगोली बनाकर संदेश के रूप में हम सब वोट करेंगे, वोट देंगे। इस प्रकार के संदेश भी लिख रही है। यह कार्य महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में मतदाताओं के द्वारा भी विशेष रूचि ली जा रही है। साथ ही सभी लोग आपस में जागृत हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।

## आब्र्जवर जावले एवं श्रीमती जे.विजयारानी का नीमच आगमन हुआ

**नीमच, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** केन्द्रीय निर्वाचन आयोग नईदिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत नीमच जिला के लिए विधानसभा क्षेत्र 228-मनासा व 229-नीमच के लिये श्री किशन नारायणराव जावले (आईएएस 2011 बैच) मोबाईल नंबर 6268020690 तथा 230-जावद के लिये श्रीमती जे.विजया रानी (आईएएस 2013 बैच) मोबाईल नंबर 6260330624 को ऑब्जर्वर नीमच जिले में आगमन हो गया है। प्रेक्षकगण खोर स्थित सुखानन्द गेस्ट हाउस में आवास कर रहे है। श्री किशन नारायणराव जावले के लाईजनिंग अधिकारी श्री आर.एन.व्यास(जिला आबकारी अधिकारी) मोबाईल नम्बार-9907126655, तथा श्रीमती जे.विजयारानी के लाईजनिंग अधिकारी श्री ए.एस.मोरे महाप्रबंधक उद्योग मोबाईल नम्ब र-7000146304 है। प्रेक्षक श्री जावले एवं श्रीमती जे.विजयारानी प्रात: 9 से 11 बजे तक आगन्तुकों से भेंट के लिये उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही भारतीय राजस्व सेवा वर्ष 2008 बैच के अधिकारी श्री बालाकृष्णन एस. मोबाईल नंबर-7725819893 को विधानसभा क्षेत्र 229-नीमच व 230-जावद के लिये व्यय प्रेक्षक एवं भारतीय राजस्व सेवा वर्ष 2008 बैच के अधिकारी श्री अरूण कुमार मोबाईल नंबर- 9691890663 विधानसभा क्षेत्र 228-मनासा के लिये व्यय प्रेक्षक है।




# लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली, मतदान की शपथ दिलाई

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर विधि महाविद्यालय मंदसौर के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया। रैली नगर में संजीत रोड़ से होते हुए किटियानी व अयोध्या बस्ती में होकर पुन: महाविद्यालय परिसर में पहुंची।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व स्वीप प्लान के नोडल प्रभारी डॉ. राजेश कौशिक ने छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना चाहिये। रैली के बाद संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. कुणाल शक्तावत द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ. दिनेश तिवारी ने भी युवा मतदाताओं को राष्ट्रहित में मतदान करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूचि कुंवर देवड़ा ने किया एवं आभार प्रो. प्रवीण चौधरी ने माना। उक्त कार्यक्रम में कैम्पस एम्बेसडर मुदित अत्रे, कु. रचना सिनंम एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ के सदस्य डॉ. सीमा श्रीमाल, डॉ. नंदकिशोर पाटीदार, प्रो. हेमलता चौहान, प्रो. चंचल शर्मा, प्रो. ईश्वर प्रजापति, प्रो. पूजा चुण्डावत, प्रो. करण आर्य, श्री दीपक बैरागी, श्री विवेक भदादा एवं श्री हरिओम सिंह सोनगरा उपस्थित रहे।

## चार विभागों के शासकीय सेवक डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

**नीमच, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** मतदान के दिन ड्यूटी में होने पर 4 विभागों के शासकीय सेवकों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा मिलेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया, कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतदान तिथि 17 नवम्बर 2023 को अत्यावश्यक सेवाओं में कर्त्तव्यस्थ होने के कारण 4 विभागों के शासकीय सेवक डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस आशय की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार मतदान के दिन ड्यूटी पर होने के कारण अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर उपस्थित होने में सक्षम नहीं होंगे। ऐसे शासकीय सेवक डाक मतपत्र से मतदान करने के लिये पात्र होंगे। अत्यावश्यक सेवाओं में कार्यरत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग (अग्निशमन सेवाएँ) और ऊर्जा विभाग शामिल है।

# सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय संजीत मार्ग, मंदसौर में बी. एड. एवं डी.एल.एड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा स्वीप प्लान के तहत शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। महाविद्यालय परिसर में ही कैम्पस एम्बेसडर प्रशिक्षणार्थी श्री आदित्य परिहार के द्वारा शपथ दिलाई गई।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निशा महाराणा ने मतदान करने का महत्व बताते हुए कहा की हमें न सिर्फ खुद मतदान करना चाहिए बल्कि अपने परिवार वालों, पडोसी, दोस्तों व सगे सम्बन्धी को वोट देने के लिए जागरूक करना चाहिये। रैली का महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई जहां से विभिन्न नारों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करते हुए महारानी लक्ष्मीबाई चौराहे से पुन: महाविद्यालय परिसर पहुँची और अंत में राष्ट्र गान हुआ। रैली में समस्त स्टाफ़ उपस्थित रहे।




## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण की श्रृंखला में शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** परफेक्ट नेत्र चिकित्सालय में लायंस के रिजन चेयर पर्सन लायन विजय पलोड़ की उपस्थिति में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित हुआ।

लायंस क्लब मंदसौर द्वारा नियमित प्रति शुक्रवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर की श्रृंखला में कुल 109 रोगियों के नेत्रों की जांच की तथा जिसमें से 14 रोगी ऑपरेशन हेतु चयनित किये गये। इस अवसर पर रिजन चेयर पर्सन लायन विजय पलोड़ ने कहा कि लायंस क्लब द्वारा नेत्र परीक्षण श्रृंखला का स्वागत करता हूँ कि क्लब द्वारा प्रति शुक्रवार नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन किये जाते है। यह मेरे रिजन का अत्यन्त ही महत्वपूर्ण एवं निस्वार्थ भावना ने की जानी वाली सेवा का प्रथम क्लब एवं एक अंग है। जिससे असहाय व्यक्तियों की नेत्र ज्योति प्राप्त होगी। लायंस क्लब अध्यक्ष एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मजहर हुसैन ने नेत्र परीक्षण कर अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में एम.जे.एफ. लायन सुभाष बग्गा, एम.जे.एफ. लायन दिनेश बाबानी, प्रांतीय कैबिनेट सदस्य डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, विजय सुराणा, डॉ. कमल संगतानी, सुनील बाफना आदि उपस्थित थे। लायन सचिव प्रेमदेव पाटीदार ने उपस्थित रोगियों का एवं लायन सदस्यों का आभार माना।

## एनसीसी छात्रों द्वारा निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर सुश्री टेरेसा मिंज के द्वारा एनसीसी इकाइयों द्वारा जन जागरूकता को लेकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 एमपी बटालियन की कमान अधिकारी की अनुशंसा पर मतदाता जन जागरूकता रैली का निकाली गई। जागरूकता रैली को पूर्व जिला न्यायाधीश श्री रघुवीर सिंह चुंडावत ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई क्रमांक 2 विद्यालस में रैली का समापन हुआ। रैली में एनसीसी छात्रों द्वारा मतदान हमारा अधिकार है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो आदि नारों से लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## दिव्यांगजनों ने ली मतदान करने की शपथ

**नीमच, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा डे-केयर सेन्टर पर वरिष्ठजन श्रवण बाधित दिव्यांग जनों का पुष्पहार पहना कर सम्मान किया जाकर मतदान के संबंध में सभी वरिष्ठजनों को शपथ दिलाई गई। वरिष्ठजनों द्वारा मतदान करने के संबंध में अपील की गई हैं तथा श्रवण बाधित दिव्यांग जनों द्वारा सांकेतिक भाषा में शपथ ली गई है।

## मतदान केंद्र पर पहचान के लिए 12 दस्तावेज प्रयोग कर सकते हैं

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए हैं कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं की पहचान के लिए 12 दस्तावेजों निर्धारित किये गए है। इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज़ होने पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। इन दस्तावेजों के अंतर्गत आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, मनरेगा जॉब कार्ड, सर्विस पहचान पत्र, पासबुक, स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, पेंशन दस्तावेज व सरकारी पहचान पत्र को शामिल किए गए हैं। इनमें से कोई भी एक दस्तावेज़ होने पर आपको अपने मत का प्रयोग करने से कोई भी नहीं रोक सकता है, तो आओ हम सब मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र को बनाने के लिए सभी मतदान करें।

## मतदान केंद्र हेतु निर्धारित सभी शासकीय भवन 15 तक रिक्त करें

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव ने विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान केंद्रों के लिए चिन्हित किए गए समस्त शासकीय/अशासकीय भवनों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 में प्रदत्त अधिकारों के तहत 16 नवंबर 2023 से 18 नवंबर 2023 तक की अवधि के लिए अधिग्रहित करने के आदेश जारी किये है। भवन स्वामी/भवन के आधिपत्य के विभाग को मतदान केंद्र हेतु निर्धारित भवन 15 नवम्बर 2023 को रिक्त करेंगे। इन भवनों में पूर्व की भांति फर्नीचर, दूरभाष आदि व्यवस्थाओं को यथावत रखा जावे।

## विदेशी निर्मित फटाखें के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री विशाल सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि विदेशी निर्मित फटाखें के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध किया गया है। जिले में स्थाई एवं अस्थाई फटाखा विक्रेताओं के परिसरों की जांच रक यह सुनिश्चित करें कि विदेशो में निर्मित फटाखे के क्रय- विक्रय न हो।

## अभ्यर्थी को आपराधिक प्रकरणों की जानकारी तीन अलग-अलग तिथियों में प्रेस एवं न्यूज चैनलों में प्रसारण कराना होगा

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** अभ्यर्थी को आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी। इसके लिए अभ्यर्थी को तीन अलग-अलग तिथियों में समाचार पत्रों में प्रकाशन एवं न्यूज चैनलों में प्रसारण कराना होगा, जिससे मतदाताओं को ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में पता चल सके।

## ऑनलाइन नामांकन और अनुमति ले सकेंगे उम्मीदवार

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नामांकन भरने के साथ ही रैली, बैठक, अस्थाई कार्यालय सहित अन्य अनुमति लेने के लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान की है। इसके लिए अभ्यर्थियों को सुविधा पोर्टल का उपयोग करना होगा। सुविधा पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाइन जमानत राशि भी जमा कर सकते हैं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 528 | 1980 | 2230 |
| उडद | 112 | 7400 | 10011 |
| सोयाबीन | 8000 | 4450 | 4900 |
| गैहु | 4500 | 2310 | 3201 |
| चना | 289 | 5200 | 5740 |
| मसुर | 365 | 5150 | 6150 |
| धनिया | 500 | 6001 | 7121 |
| लहसुन | 15000 | 6500 | 18000 |
| मैथी | 800 | 5200 | 7200 |
| अलसी | 1841 | 4340 | 5076 |
| सरसो | 546 | 4820 | 5311 |
| तारामीरा | 7 | 4810 | 4845 |
| इसबगोल | 52 | 9500 | 17001 |
| प्याज | 5000 | 500 | 3501 |
| कलोंजी | 50 | 12500 | 16400 |
| डॉलर | 31 | 9800 | 14600 |
| तिल्ली | 5 | 13401 | 16131 |
| मटरसुखी | 25 | 2101 | 3100 |
| असालीया | 57 | 9499 | 10077 |

# विधानसभा चुनाव: बाबु हो या चपरासी, सब होंगे अफसर

## कोटवार, चौकीदार भी कहलाएंगे विशेष सुरक्षा अधिकारी

**मंदसौर, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** वोटिंग बूथ पर तैनाती के लिए चुनाव आयोग बड़ी संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर तैनात करता है। विशेष बात यह है कि चुनावी ड्यूटी में वे भी अधिकारी कहलाते हैं। जिनका पदनाम उनके मूल दफ्तर में चपरासी, बाबु, बड़े बाबू आदि है। यही नहीं, लोकतंत्र के इस महायज्ञ में गांव के कोटवार और चौकीदार भी विशेष सुरक्षा अधिकारी (एसपीओ) कहलाते हैं।

मानदेय, वेतनमान, पदनाम और पद श्रेणी में ये भले ही एक दूसरे से कनिष्ठ या वरिष्ठ हों। लेकिन, इस विशेष ड्यूटी में इनका महत्व बढ़ जाता है। जब तक इन कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी रहती है, तब तक ये चुनाव आयोग में प्रतिनियुक्ति पर रहते हैं। इसका बाकायदा गजट नोटिफिकेशन भी होता है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन का कहना है कि चुनाव में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्व और दायित्व बढ़ जाता है। इसलिए सभी को बाकायदा समुचित सम्मान दिया जाता है।

### पंचायत सचिव, रोजगार सहायक भी बूथ लेवल ऑफिसर...

वोटर लिस्ट की ड्यूटी पर तैनात शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक पदनाम के लिहाज से बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) कहलाते हैं। मैदानी स्तर पर अपने-अपने विभागों की बड़ी जिम्मेदारी निभाने वाले इन कर्मचारियों का डोर-टू-डोर संपर्क भी रहता है।

### नायब तहसीलदार बनते हैं असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर...

नायब तहसीलदार और तहसीलदार असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर(एआरओ) के रूप में तैनात किए जाते हैं। चुनाव ड्यूटी में कई एआरओ के अधीन क्लास-1 और क्लास-2 ऑफिसर भी रहते हैं। सामान्य परिस्थिति में नायब तहसीलदार, तहसीलदार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट होते हैं। लेकिन चुनाव ड्यूटी में ये एआरओ होते हैं।

### ओएस और सीनियर क्लर्क भी बनते हैं पीठासीन अधिकारी...

चुनाव में चार श्रेणी के पीठासीन अधिकारी बनाए जाते हैं। इन्हें पी-वन, पी-टू, पी-थ्री और पी-फोर की कैटेगरी में रखा जाता है। कार्यालय अधीक्षक अर्थात ओएस और सीनियर क्लर्क को भी पीठासीन अधिकारी बनाया जाता है।

## कलेक्टर ने बारह व्यक्तियों को संबंधित थाने में उपस्थिति देने का किया आदेश जारी

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 03(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बारह व्यक्तियों को संबंधित थाने में उपस्थिति देने का ओदश जारी किया। जिसमें शेरूखां पिता शब्बीरखां पठान निवासी बरखेड़ा गंगासा, एजाज पिता नाहरूखां मेवाती निवासी जयपुरा, राजाराम पिता रामेश्वर बांछड़ा निवासी गुलाब नगर नावली, मेहरबानसिंह पिता करणसिंह सौ. राजपूत निवासी सपानिया, रमेश पिता नंदा नायक निवासी माऊखेड़ा थाना सीतामऊ, रणजीतसिंह पिता करणसिंह सौ. राजपूत निवासी सपानिया, छोटू पिता खीमा बंजारा निवासी खड़ावदा, संदीप पिता राजेश उर्फ राजु बांछड़ा निवासी पिपलियाजत्ती, विनोद पिता जगदीश बंजारा निवासी खड़ावदा, शंभुनाथ पिता राणानाथ कालबेलिया निवासी धंधोडा, मुकेश पिता दौलतराम मीणा निवासी सेमरोल एवं देवा उर्फ देवीलाल उर्फ रामनारायण पिता गोवर्धनलाल माली निवासी अजयपुरा को कलेक्टर श्री यादव ने आदेशित किया है, कि ये तीन माह तक प्रति माह की 1 एवं 16 तारीख को संबंधित पुलिस थाना में उपस्थिति देकर यह सुनिश्चित कराये की वह किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलग्न नहीं है।

## आरोपी विजेश के विरूद्ध रासुका की कार्रवाही

**नीमच, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाकधिकरी श्री दिनेश जैन राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम-1980 की धारा-3 की उपधारा-(2) के अंतर्गत, आरोपी विजेश पिता गुमान निवासी कड़ी आंत्री थाना कुकडेश्वकर जिला नीमच को तीन माह की अवधि तकरा.सु.का. की कार्रवाही का आदेश जारी किया गया है। आरोपी को केन्द्रीय जेल, इंदौर म.प्र. में निरूद्ध रखा जाएगा।



## ऑब्जर्वर जावले द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**नीमच, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर श्री किशन नारायण राव जावले ने शुक्रवार को नीमच विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध एएमएफ सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों का आवश्यक निर्देश भी दिए। प्रेक्षक श्री जावले ने नीमच विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कनावटी में मतदान केंद्र क्रमांक 129 व 130 का निरीक्षण कर, सुव्यवस्थित मतदान के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

## जिले में 3 दिवस में 4 हजार मीट्रिक टन युरिया उपलब्ध होना संभावित

**मंदसौर, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप संचालक कृषि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक एवं जिला विपणन अधिकारी विपणन संघ द्वारा बताया गया कि जिले में युरिया खाद की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में है। आगामी 3 दिवस में 4 हजार एमटी युरिया जिले को उपलब्ध होना संभावित है, साथ ही माह नवम्बर के लिये मध्य प्रदेश राज्य हेतु 7 लाख मेट्रीक टन युरिया खाद आवंटीत किया गया हैं। जो समय-समय पर जिले को प्राप्त होता रहेगा एवं पैक्स सहकारी संस्थाओं के साथ-साथ नगद खाद विक्रय केन्द्रों पर भी उपलब्ध रहेगा। रबी सीजन हेतु किसान चिंतित न हो एवं पैक्स सहकारी संस्थाओं से डिफाल्टर छोडकर ऋणी कृषको द्वारा अथवा नगद विक्रय केन्द्रों मंदसौर, सीतामऊ, सुवासरा, शामगढ, गरोठ, भानपुरा एवं पिपल्या मण्डी से अन्य कृषको द्वारा युरिया खाद का उठाव अपनी तात्कालिक आवश्यकता अनुसार कर सकते हैं।

## ग्राम पंचायत दलौदा के कैथवास की सेवा समाप्त करने के निर्देश जारी

**मंदसौर, 3 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी शिकायत श्री सोलंकी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि, राघवेन्द्रसिंह तोमर द्वारा सीविजल पर दलोदा ग्राम पंचायत के श्री अनिल कैथवास द्वारा भाजपा का प्रचार प्रसार किये जाने के सम्बंध में शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच रिटर्निंग ऑफिसर, विधानसभा क्षेत्र 224 द्वारा की गई। 31 अक्टूबर में प्रकाशित समाचार एवं फोटो तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि अनिल कैथवास के द्वारा गले में राजनीतिक दल का दुपट्टा डालकर प्रचार प्रसार किया जाकर स्पष्टरूप से आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन किया गया है। अत: इस संबंध में संबंधित कर्मचारी की सेवा समाप्त कर पालन प्रतिवेदन निर्वाचन कार्यालय को भेजे।



## जन्मदिन पर उपहार में मांगा मतदान का वचन

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्री मोहनलाल शर्मा ने अपने 77 वें जन्मदिवस पर बड़ा ही अनुकरणीय नवाचार किया। श्री जगदीश मन्दिर जीवागंज में समाजजनों को आमन्त्रित कर महा आरती का आयोजन किया और उपस्थित समाजजनों से जन्मदिन पर यह उपहार में यह वचन मांगा कि वे सभी आगामी 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करें। उन्होंने मतदान की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठसमाज जन मोहनलाल जोशी, नंद किशोर शर्मा,शिवशंकर शर्मा, कैलाश उपाध्याय, नरेंद्र शर्मा,सुरेन्द्र त्रिवेदी,अनिल द्विवेदी,जगदीश शर्मा, पं.गोपाल पंचारिया,हेमन्त तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा गैस वाले, गोविन्द जोशी, अनिल पुरोहित,अजय पाण्डेय, ब्रजेश जोशी,महेश शर्मा पप्पू,अजय तिवारी,सत्यनारायण व्यास पं.यशवंत व्यास आदि उपस्थित थे।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई...

# चार संस्थानों से लिये सेम्पल

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** आगामी त्यौहारों में आमजनों को अच्छे से अच्छी एवं शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इस हेतु खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगतार कार्यवाही कर रहा है। जिला कलेक्टर के निदेर्शानुसार 3 नवम्बर को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए मंदसौर के चार संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 3 नवम्बर को कार्यवाही और निरीक्षण के दौरान परम्परा सेल्स एजेन्सी से रसगुल्ला, सोन पपडी, रास्तिया एजेन्सी से गुलाब जामुन, पेठा, गोकुल डेयरी स्वीट्स से मावा बर्फी और पाटीदार ट्रेडर्स से सुजी, पोहा का नमुना लिया गया। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान विभाग का सहयोगी स्टॉफ भी मौजूद रहा। श्री जामोद ने बताया कि आगामी दीपावली के त्यौहार के समय में आमजनों को अच्छी और गुणवत्ता युक्त खाद्य वस्तु मिले इसके लिए सभी संस्थानों के संचालकों को अपने यहां साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखने और गुणवत्ता युक्त खाद्य वस्तुएं ही विक्रय करने के दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

## ब्रिज बनकर तैयार, कभी भी बन्द हो जाएगी फाटक, कई लोग हो जाएंगे बेरोजगार

**पिपलियामंडी, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** ओवरब्रिज निर्माण के कारण फाटक मोहल्ले के रहवासियों की परेशानी बढ़ जाएगी। रहवासी रवि बैरागी ने बताया कि ब्रिज बनकर तैयार हो गया है। वाहनों का आवागमन भी शुरु हो गया है। रेलवे फाटक को कभी भी बन्द किया जा सकता है। फाटक बन्द होने के बाद आवागमन बन्द हो जाएगा। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बैरागी ने बताया कि फाटक बन्द होने के बाद कई लोग बेरोजगार हो जाएगें। वर्तमान में कई दुकानें संचालित हो रही है, एसे में उन्हें अपना व्यापार-व्यवसाय बन्द करना पड़ेगा। बैरागी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिनिधियों व प्रशासन से मांग की कि रहवासियों के आने-जाने के लिए अण्डरब्रिज का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। अन्यथा समस्त रहवासी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

## शिकायतों का 100 मिनट में निराकरण होगा

**नीमच, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** म.प्र.विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल ऐप तैयार कराया गया है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी किसी भी घटना का फोटो-वीडियो तैयार कर अपनी शिकायत भेज सकता है।

प्राप्त शिकायत की त्वरित जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। आदर्श चुनाव आचरण संहिता के लागू होते ही यह ऐप सक्रिय हो गया है। शिकायत मिलते ही 100 मिनट के अंदर उस शिकायत का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्ट र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने सभी नागरिकों से अपील की है, कि कोई भी व्यक्ति सी-विजिल एप पर शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके लिये मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाकर शिकायत को एप पर शेयर करना होता है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**नीमच, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री गुरूप्रसाद के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मनासा अंतर्गत कम्युनिकेशन प्लान में आर-1 के प्रशिक्षण के दौरान वुमन वोटर रन की गतिविधि आयोजित की गई एवं शतप्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एसडीएम श्री पवन बारिया, सीईओ जनपद श्री अरविंद डामोर एवं श्री गोपाल कृष्ण परिहार एवं आजीविका मिशन के कर्मचारियो ने सहभागिता की। साथ ही ग्राम पंचायत जन्नौद, चिकलीब्लाक, धाकडखेडी, दुधलाई, बालागंज, शेषपुर, बुझ, भाटखेडीखुर्द में वुमन वोटर रन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।



## मतदाता जागरूकता अभियान की शपथ दिलाई

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कम्बल केंद्र मन्दसौर बूथ क्रमांक 64 पर आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं ने मतदान करना बताया गया। लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में एक-एक मतदाता अहम् भूमिका निभाता है। इस महत्व को समझाया गया तथा वार्ड के महिला पुरुषों को शपथ दिलाया गया। एकीकृत महिला बाल विकास परिवेक्षक श्रीमती नीलोफर मंसूरी ने मतदान करने हेतु यह संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु अपील की। शपथ कार्यक्रम में एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति चौहान, मनजीत कोर,रोशनी राव, सहायिका ललिता मालवीय, संतोष परमार,कलावती जाटव आदि वार्ड वासी महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## छुरे सहित युवक को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने छुरा लेकर आमजन को भयभीत करने वाले को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने छुरे के साथ खजूरी चन्द्रावत निवासी योगेश पिता मदनदास बैरागी को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया।



## मतदाता जागरूकता वाहन रैली आयोजित कर मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई

**नीमच, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** नीमच में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री गुरुप्रसाद के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आरसेटी संस्थान नीमच मे म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व्दारा मतदाता जागरूकता वाहन रैली का आयोजन कर मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई।

## डाक मतपत्र से मतदान के संबंध में प्रशिक्षण सम्पन्न

**नीमच, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन की अध्य क्षता में शुक्रवार को कलेक्टोबरेट सभाकक्ष नीमच में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत डाक मतपत्र से मतदान के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में एनएलएमटी डॉ.राजेश पाटीदार एवं मास्टसर ट्रेनर श्री मनोज जैन ने डाक मतपत्र के संबंध में आयोग द्वारा जारी महत्व पूर्ण निर्देशों की विस्तासर से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में डाक मतपत्र (पीबी) का डिजाईन, प्रपत्र 12 या 12 एआरओ को आवेदन करने की समय सीमा, मतदान की प्रक्रिया एवं सुविधा के बारे में विस्तार से प्रजेटेशन के माध्यम से जानकारी दी।

प्रशिक्षण में फेसीलेशन सेन्टणर की टीम, फेसीलेशन सेन्टार का संचालन, समय एवं अवधि, अभ्य र्थियों प्रतिनिधियों की उपस्थिति, निवारक निरोध, सेवा मतदाता, विशेष मतदाताओं के डाक से डाक मतपत्रों की प्राप्ति फेसीलेशन सेन्टरर, पर डाले गये डाक मतपत्रों का प्रतिदन का लेखा एवं भण्डाारण एवं डाक मतपत्रों को गणना केन्द्रव पर भेजने संबधी सभी महात्व पूर्ण बिन्दुदओं पर विस्त्र से प्रशिक्षण दिया गया। इस मौक पर संयुक्तक कलेक्टर श्री राजेश शाह एवं अन्य जिला अधिकारी तथा सभी तहसीलदार , नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब के साथ एरा निवासी कचरुलाल पिता भंवरलाल को, 35 क्वार्टर के साथ देवाखेड़ा निवासी किशोर पिता कारुलाल को, नारायणगढ़ पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ आक्यपालरा निवासी अनारसिंह पिता परतेसिंह को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान हेतु किया जागरुक

**सुवासरा, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** महाराणा प्रताप शासकीय महाविद्यालय सुवासरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नगर परिषद सुवासरा के सहयोग से मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक के द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया! प्रभारी प्राचार्य श्री भूपेंद्र रठा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया! नगर परिषद सुवासरा सीएमओ श्री संजय राठौड़ ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए समस्त विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई गई! उक्त कार्यक्रम में प्रो.दिनेश कुमार पाटीदार, प्रो.अंजलि व्यास,राजेश कल्याण, अरविंद जोशी एवं नगर परिषद के कई अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे! प्रो. सुरेश देवड़ा ने आभार व्यक्त किया! कार्यक्रम का संचालन डॉ. बी. एस. निंगवाल ने किया!

## बाइक चालक पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** दुर्घटना में घायल होने पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार गत् दिनों सड़क दुर्घटना में पिपलिया कराड़िया निवासी मुन्ना पिता बाबूलाल बागरी घायल हो गया था, जिसे जिला अस्पताल भर्ती कराया था। मेडीकल रिपोर्ट व विवेचना के बाद नाहरगढ़ पुलिस ने बाइक (एमपी 14 एनएफ 4080) के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

## मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जायेगा

**मंदसौर, 3 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने आदेश जारी किये है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान के दिन 17 नवम्बर को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रय या किसी अन्य स्थापना में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जायेगा। अवकाश अवधि में उसका वेतन/भत्ता नहीं काटा जायेगा।


**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक क्यू — मंदसौर, दिनांक 03.11.2023

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 जीसी 0826 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में विकास नागौरा पिता बंशीलालजी निवासी बालागंज, तह. व जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती टीना नागौरा पति विकास नागौरा निवासी बालागंज, मंदसौर जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**






**हरदीपसिंह पिता शरणसिंह डंग**

**प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र 226 सुवासरा**

दिनांक: 03-11-2023

**** जाहिर सूचना ****

सर्व संबंधित को इस जाहिर सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं हरदीपसिंह पिता शरणसिंह डंग निवासी सुवासरा तहसील सुवासरा जिला मंदसौर जो कि मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 226 सुवासरा से भारतीय जनता पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी हूं। मेरे या मेरे निर्वाचन अभिकर्ता (इलेक्शन एजेंट) की पूर्व लिखित सहमति के बिना मेरी और से या मेरे लिए किसी भी प्रकार की निर्वाचन संबंधी फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर, पेम्प्लेटस, ब्रोशर्स या अन्य किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री का मुद्रण/प्रकाशन/प्रसारण इत्यादि ना करें मेरी सहमति के बिना यदि ऐसा किया जाता है तो आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।



भवदीय
**हरदीपसिंह डंग**
विधानसभा क्षेत्र 226, सुवासरा


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in